This question paper contains 32+8 printed pages]

*Your Roll No.*................

**9594**

**B.Com. (Hons.)/II** **B**

Paper XIII—INCOME TAX LAW AND PRACTICE

(Admission of 2004 and onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 75*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— (*i*) The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the School of Open Learning. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.

(*ii*) Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

Qapaper.com

**टिप्पणी** :—(*i*) प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं। नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा।

(*ii*) इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*All* questions are compulsory and carry equal marks.

Each question has internal choice.

सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य हैं

तथा सभी के अंक समान हैं।

प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक चयन की सुविधा है।

Qapaper.com

1\. (*a*) 'X' was born in Delhi in 1978. Later on he migrated to Canada in 1999 and took the citizenship of that country in 2002. His parents were born in Pakistan in 1946. He comes to India for a visit of 182 days during the previous year 2010-11. Prior to that he had been coming to India for a visit of 115 days every year since 2003-04. Find out his residential status for the assessment year 2011-12. 3

(*b*) "Sharma and Sharmas" is a Hindu undivided family based in England. It has two businesses, first one in

England and second one in India. Rajat Sharma is the Karta and he comes to India for 75 days during the previous year 2010-11 for the purpose of decision making in respect of second business. Prior to that also he had been coming to India regularly for 100 days since 2000-2001. The first business is entirely controlled from England. Determine the residential status of the 'HUF' for the assessment year 2011-12. 3

Qapaper.com

(c) "Manan Setia" is a citizen of India. He has been employed with an Indian company since 2006. On September 1, 2010 Manan left India to join employment in Germany with a foreign company. During the previous year 2010-11 his income included :

(i) Salary from Indian Company ₹ 2,60,000

(*ii*) Salary from Foreign Company ₹ 4,70,000

(*iii*) Interest on bank deposits in India received in Germany ₹ 1,30,000

Find out Manan's Total Income chargeable to tax in India for the assessment year 2011-12. 3

(*d*) Define "Previous year". Under what circumstances the income of a previous year is taxable in the previous year itself ? 6

Qapaper.com

(क) 'X' का जन्म दिल्ली में 1978 में हुआ था। बाद में वह 1999 में कनाडा चला गया था और 2002 में उस देश की नागरिकता ले ली थी। उसके माता-पिता 1946 में पाकिस्तान में पैदा हुए थे। वह पिछले वर्ष 2010-11 में 182 दिन के लिए भारत की यात्रा पर

आया था। उससे पहले वह 2003-04 से हर वर्ष 115 दिन के लिए भारत आता रहा है। उसकी निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए आवासी स्थिति ज्ञात कीजिए।

(ख) 'शर्मा एण्ड शर्माज़' एक हिंदू अविभाजित परिवार मूलत: इंग्लैण्ड में रहता है। इसके दो व्यवसाय हैं, पहला इंग्लैण्ड में और दूसरा भारत में । रजत शर्मा कर्ता है और वह पिछले वर्ष 2010-11 के दौरान 75 दिन के लिए दूसरे व्यवसाय के बारे में निर्णय लेने के उद्देश्य से भारत आता है। उससे पहले भी वह सन् 2000-2001 से लगातार 100 दिन के लिए भारत आता रहा है। पहला व्यवसाय पूर्णत: इंग्लैण्ड से नियंत्रित होता है। निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए HUF की आवासी स्थिति का निर्धारण कीजिए।

Qapaper.com

(ग) 'मानन सेटिया' भारत का नागरिक है। वह 2006 से भारतीय कंपनी में नौकरी कर रहा है। 1 सितम्बर 2010 को मानन भारत को छोड़कर जर्मनी की एक विदेशी कम्पनी में नौकरी करने लगता है। पिछले वर्ष 2010-11 में उसकी आय में शामिल थे :

(*i*) भारतीय कम्पनी से वेतन ₹ 2,60,000

(*ii*) विदेशी कम्पनी से वेतन ₹ 4,70,000

(*iii*) भारत में बैंक जमा पर ब्याज (जो कि जर्मनी में प्राप्त हुआ) ₹ 1,30,000 ।

मानन की निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए भारत में कर-प्रभार्य कुल आय ज्ञात कीजिए।

(घ) 'पिछले वर्ष' की परिभाषा दीजिए। किन परिस्थितियों में पिछले वर्ष की आय स्वयं पिछले वर्ष में ही कर-योग्य होती है ?

Qapaper.com

*Or*

(अथवा)

(*a*) Renuka Desai is a citizen of USA. She left India during 1982 and got permanently settled in New York. She was born in India in 1967 and her husband was also born in India in 1965. Her parents were born in UK prior to 1947, however they migrated to India in 1962 and got permanently settled in Delhi. Renuka came to India on 29th January 2011 and stayed have for 100 days. Prior to that also she had been coming to India for 100 days during every previous year since 1986. For the Previous year 2010-11, she earned the following income/loss.

(*i*) Income from salaries of services rendered in USA, received there ₹ 7,96,000

Qapaper.com

(*ii*) Income from house property in India received in USA ₹ 2,84,000

(*iii*) Interest on bank deposits in India received in USA ₹ 3,60,000

(*iv*) Loss from a business in India (controlled from USA) ₹ 1,10,000

(*v*) Income from a business in Sri Lanka (controlled from India) ₹ 1,90,000

(*vi*) Interest on bank deposits in USA subsequently remitted to India ₹ 2,64,000

Compute Renuka's Total Income and tax liability for assessment year 2011-12, assuming she is not entitled to deductions under section 80 C to 80 U. 9

(*b*) Who is an assessee under the provisions of Income Tax Act ? Explain fully. 6

Qapaper.com

(क) रेनुका देसाई अमरीका की नागरिक है। वह 1982 में भारत से गई थी और स्थायी रूप से न्यूयार्क में रहने लगी थी। उसका जन्म भारत में 1967 में हुआ था और उसका पति भी भारत में 1965 में जन्मा था। उसके माता-पिता सन् 1947 से पहले यू.के. में जन्मे थे तथापि 1962 में उन्होंने भारत में स्थानांतरण कर लिया था और स्थायी रूप से दिल्ली में रहने लगे थे। रेनुका 29 जनवरी 2011 को भारत आई और यहाँ 100 दिन रुकी। इससे पहले भी वह पिछले वर्षों में 1986 से हर वर्ष भारत 100 दिन के लिए आती रही है। पिछले वर्ष 2010-11 में उसने निम्नलिखित आय/हानि अर्जित की :

(i) अमरीका में की गई सेवाओं के लिए वेतन से आय जो वहीं प्राप्त हुई ₹ 7,96,000

Qapaper.com

| | |
|---|---|
| (*ii*) भारत में गृह-संपत्ति से आय अमरीका में प्राप्त हुई | ₹ 2,84,000 |
| (*iii*) भारत की बैंक में जमा राशि पर ब्याज अमरीका में प्राप्त हुआ | ₹ 3,60,000 |
| (*iv*) भारत में व्यापार से हानि (अमरीका से नियंत्रित) | ₹ 1,10,000 |
| (*v*) श्रीलंका में व्यवसाय से आय (भारत से नियंत्रित) | ₹ 1,90,000 |
| (*vi*) अमरीका में बैंक में जमा राशि पर ब्याज जिसे आगे चलकर भारत में भेज दिया गया | ₹ 2,64,000 |

रेनुका की, निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए, कुल आय और कर-देयता का अभिकलन इस अभिग्रह के साथ कीजिए कि उसे धारा 80C से 80 U तक के अंतर्गत कटौतियों का हक नहीं है।

Qapaper.com

(ख) आयकर अधिनियम की व्यवस्थाओं के अंतर्गत निर्धारिती कौन होता है ? पूर्ण रूप से समझाइए।

2. 'Z' retired from Reserve Bank of India a statutory corporation, on 30-6-2010. At the time of retirement his remuneration included :

(i) Basic salary : ₹ 32,000 p.m. (annual increment of ₹ 4,000; given on 1-1-2010]

(ii) Dearness allowance : 25% of basic salary (40 percent was part of retirement benefits)

(iii) Transport allowance : ₹ 4,200 p.m.

(iv) Entertainment allowance : ₹ 3,000 p.m.

(v) Rent free accommodation owned by the employer at Delhi. It was furnished with a cost of ₹ 80,000 incurred by the employer 5 years ago.

Qapaper.com

On retirement, his pension was fixed at ₹ 18,000 p.m. 40 per cent of the pension was commuted by employer on 1-10-2010 and a sum of ₹ 5,40,000 was paid in lieu thereof. Z also received a sum of ₹ 2,96,000 for unavailed leave of 222 days. He was entitled to a leave of 36 days for each completed year of service. Total service period of Z was 28 years and 9 months. After retirement 'Z' went back to his home town Assam and occupied his own house. The employer gave him five tickets of "Air India" flight, each worth ₹ 23,000. The tickets were meant for 'Z', his wife and three children (one of the child was eight years old).

Qapaper.com

Besides the income from employment 'Z' reported the following income :

(*a*) Long-term capital gains ₹ 80,000

(*b*) Gifts from friends on the occasion of retirement ₹ 1,32,000

(*c*) Gifts from relatives ₹ 93,000

(*d*) Income of minor child ₹ 19,500

He invested ₹ 70,000 in Public Provident Fund and ₹ 40,000 in Kisan Vikas Patra. Compute the total income and tax liability of 'Z' for the assessment year 2011-12. 15

Qapaper.com

'Z' 30-6-2010 को रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया से, जो कि सांविधिक निगम है, सेवानिवृत्त हुआ था। निवृत्ति के समय उसके पारिश्रमिकों में ये शामिल थे :

(*i*) मूल वेतन ₹ 32,000 रु. प्रति माह (₹ 4,000 की वार्षिक बढ़ोत्तरी 1-1-2010 को है)

(*ii*) महँगाई भत्ता : मूल वेतन का 25% (40% निवृत्ति लाभ का हिस्सा था)

(*iii*) परिवहन भत्ता : ₹ 4,200 प्रति माह

(*iv*) मनोरंजन भत्ता : ₹ 3,000 प्रति माह

(*v*) किराया मुक्त आवास जो दिल्ली में नियोक्ता के स्वामित्व में है। इसको ₹ 80,000 खर्च करके सुसज्जित किया गया था, जिस राशि का भुगतान 5 वर्ष पहले नियोक्ता ने किया था।

Qapaper.com

सेवानिवृत्ति पर उसकी पेन्शन ₹ 18,000 प्रति माह नियत की गई थी। पेन्शन का 40% नियोक्ता ने 1-10-2010 को रूपांतरित कर दिया था और इसकी एवज़ में उसे ₹ 5,40,000 दे दिए गए थे। Z को 222 दिन की काम में न ली गई छुट्टियों के लिए ₹ 2,96,000 की राशि भी

प्राप्त हुई। उसे पूरे एक साल की सेवा के लिए 36 दिन की छुट्टी लेने का हक था। Z की कुल सेवा अवधि 28 वर्ष 9 माह थी। निवृत्ति के बाद Z अपने मूल घर असम वापस चला गया और अपने घर में रहने लगा। नियोक्ता ने उसे 'एयर इंडिया' की उड़ान के पाँच टिकट दिए जिनकी प्रत्येक की कीमत ₹ 23,000 थी। ये टिकट Z के लिए, उसकी पत्नी और तीन बच्चों के लिए थी (एक बच्चा 8 साल का था)।

Oapaper.com

नौकरी से उसकी आय के अतिरिक्त Z ने निम्नलिखित आयों को बताया :

(*a*) दीर्घावधिक पूँजी लाभ ₹ 80,000

(*b*) निवृत्ति के मौके पर उसके मित्रों ने गिफ्ट दी ₹ 1,32,000

(*c*) संबंधियों से गिफ्ट ₹ 93,000

(*d*) नाबालिग बच्चे की आय ₹ 19,500

उसने ₹ 70,000 सार्वजनिक भविष्य निधि में और ₹ 40,000 किसान विकास पत्रों में निवेशित किए। Z की निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए कुल आय और कर-देयता का अभिकलन कीजिए।

Or

Qapaper.com

(अथवा)

(*a*) Explain in detail the provisions under section 80 GG regarding deduction in respect of the rent paid. 5

(*b*) How is the tax treatment of education allowance different from that of education facility under the Income Tax Act ? 5

(*c*) During the previous year 2010-11 'X' enjoyed the following allowances/perquisites in addition to basic salary of ₹ 25,000 p.m.

(*i*) Car facility [1.6 litres] for private and official purposes. All expenses which are ₹ 1,68,000 (including salary of the driver) borne by employer. 'X' was made to pay a token amount of ₹ 500 p.m. for the same.

(*ii*) Loan of ₹ 4,00,000 [for personal purposes] @ 10 percent per annum received on 1-6-2010. It was repayable in 5 half yearly instalments of equal amount starting from 31-12-2010. SBI charges 16 per cent for similar loans.

Compute gross salary of 'X' for assessment year 2011-12. 5

Qapaper.com

(क) दिए गए किराए के संबंध में कटौती के लिए धारा 80 GG के अंतर्गत दी गई व्यवस्थाओं की सविस्तार व्याख्या कीजिए।

(ख) शिक्षा भत्ते की कर-स्थिति किस प्रकार आयकर अधिनियम के अंतर्गत शिक्षा सुविधा की कर स्थिति से भिन्न है ?

(ग) पिछले वर्ष 2010-11 में 'X' को ₹ 25,000 प्रति माह मूल वेतन के अतिरिक्त निम्नलिखित भत्ते/अनुलाभ प्राप्त हुए :

(i) कार की सुविधा (1.6 लिटर) निजी और कार्यालयी कार्यों के लिए। सारे खर्चे, जोकि ₹ 1,68,000 हैं (जिसमें ड्राइवर का वेतन शामिल है) नियोक्ता ने किए। 'X' का इसके लिए केवल ₹ 500 प्रति माह सांकेतिक राशि देनी पड़ी थी।

Qapaper.com

(*ii*) ₹ 4,00,000 का ऋण (व्यक्तिगत काम के लिए) 10% प्रतिवर्ष की दर से लिया था जोकि 1-6-2010 को प्राप्त हुआ। इसकी वापसी 31-12-2010 से शुरू करके 5 बराबर की छमाही किस्तों में करनी थी। इस प्रकार के ऋणों पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 16% ब्याज लेती है।

निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए X के सकल वेतन का अभिकलन कीजिए।

Qapaper.com

3. (*a*) 'X' owns two residential houses. You are requested to compute his "Income" under the head 'house property' for the assessment year 2011-12. Details of the two houses are as follows :

House I–Delhi—Letout :

- Municipal value ₹ 2,40,000 p.a.

- Fair market rent ₹ 2,80,000 p.a.
- Rent receivable ₹ 25,000 p.m.
- Vacancy 2 months
- Municipal Tax—10 percent (Paid on 31/3/2011)
- Interest on borrowed capital—Loan of ₹ 6,00,000 was raised on 1-4-03 for the construction of this house. Construction was started on 1-4-02 and was completed on 10-10-08. Half of the loan was repaid on 31-3-07. Rate of interest was 12 percent per annum.

House II—Gurgaon–Self-occupied :

- Municipal Value ₹ 1,80,000 p.a.
- Standard Rent ₹ 1,50,000 p.a.
- Municipal Taxes ₹ 18,000 p.a.

House II was constructed on 31-1-2008 with a loan of ₹ 8,00,000 raised on 1-4-2004. Interest payable

Oapaper.com

was 10 per cent per annum. Entire loan and interest of the current previous year was outstanding as on 31-3-2011. 10

(*b*) What is a "Capital asset" under the Income Tax Act ? 5

(क) X के दो आवासी मकान हैं। आपको निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए 'गृह सम्पत्ति' शीर्षक के अंतर्गत उसकी आय का अभिकलन करना है। दोनों घरों की तफसीलें नीचे दी जा रही हैं :

मकान नं. I दिल्ली में जिसे किराए पर दे दिया गया है :

नगर निगम के अनुसार इसका मूल्य — ₹ 2,40,000 प्रति वर्ष

उचित बाज़ार किराया — ₹ 2,80,000 प्रति वर्ष

Oapaper.com

- प्राप्य किराया — ₹ 25,000 प्रति माह
- मकान 2 माह खाली रहा
- नगर निगम कर—10% (जो 31/3/2011 को दिया गया)
- उधार पूँजी पर ब्याज—ऋण ₹ 6,00,000 का था जोकि 1-4-03 को मकान के निर्माण के लिया गया था। निर्माण कार्य 1-4-02 को शुरू किया गया था और 10-10-08 को पूरा हो गया था। ऋण की आधी राशि 31-3-07 को वापस कर दी गयी थी। ब्याज की दर 12% प्रति वर्ष थी।

Qapaper.com

मकान नं. II—गुड़गाँव में—जिसमें स्वयं रह रहा है :

- नगर निगम के अनुसार मूल्य — ₹ 1,80,000 प्रति वर्ष
- मानक किराया — ₹ 1,50,000 प्रति वर्ष
- नगर निगम कर — ₹ 18,000 प्रति वर्ष

मकान नं II 31-1-2008 को बनवाया गया था जिसके लिए ₹ 8,00,000 का ऋण 1-4-2004 को लिया गया था। ब्याज 10% प्रति वर्ष देय था। सम्पूर्ण ऋण और चालू पिछले वर्ष का ब्याज 31-3-2011 को बकाया था।

(ख) आयकर अधिनियम के अंतर्गत 'पूँजीगत परिसंपत्ति' क्या होती है ?

*Or*

**(अथवा)**

Qapaper.com

(*a*) During the previous year 2010-11, Ruchi sells the following capital assets :

| | Sale Price | Expenses on Transfer |
|---|---|---|
| | ₹ | |
| Land | 48,00,000 | 1 per cent |
| Gold | 50,00,000 | nil |
| Listed debentures | 8,00,000 | 1 per cent |

Land was inherited by Ruchi from her father who died in 2004-05. Father acquired the land on 1-1-1980 for ₹ 50,000 and its fair market value on 1-4-1981 was ₹ 2,00,000. Ruchi had forfeited a sum of ₹ 1,00,000 in 2007-08 in respect of that land from an interested buyer. She spent this money on the boundary wall of that land in the same year.

Qapaper.com

Gold was purchased on 22-3-09 for ₹ 48,60,000 and listed debentures were purchased on 17/6/08 for ₹ 3,40,000. She invested the entire sale proceeds of gold and listed debentures in the bonds of NHAI (tenure 5 years) within six months from the date of

transfer. She purchased a residential house property for ₹ 46,00,000 out of the sale proceeds of land on 31-3-2011.

| Financial Year | Cost Inflation Index |
|---|---|
| 1981–82 | 100 |
| 2004–05 | 480 |
| 2007–08 | 551 |
| 2008–09 | 582 |
| 2009–10 | 632 |
| 2010-11 | 711 |

Compute Ruchi's total income and tax liability for the assessment year 2011-12. 10

Qapaper.com

(*b*) 'X' is a non-resident for 2010-11. He earned the following income during the previous year in India :

(*i*) Net agricultural income ₹ 5,40,000

(*ii*) Income from business ₹ 3,00,000

(*iii*) Income from other sources ₹ 2,60,000

He made the following donations during the previous year :

Qapaper.com

(*i*) Donation to Prime Minister Relief Fund ₹ 20,000

(*ii*) Donation to Charitable Trust ₹ 40,000

(*iii*) Donation to Delhi government for promoting family planning ₹ 30,000

Compute the tax liability of 'X' for the assessment year 2011-12 5

(क) पिछले वर्ष 2010-11 के दौरान रुचि निम्नलिखित पूँजीगत परिसंपत्तियों को बेच देती है :

| | बिक्री कीमत | अंतरण के खर्चे |
|---|---|---|
| | ₹ | |
| भूमि | 48,00,000 | 1% |
| सोना | 50,00,000 | शून्य |
| सूचीगत डिबेन्चर | 8,00,000 | 1% |

'रुचि' को यह भूमि उसके पिता से वंशागत हुई थी जिसकी मृत्यु 2004-05 में हो गई थी। पिता ने यह भूमि 1-1-1980 को ₹ 50,000 में ली थी और 1-4-1981 को इसका उचित बाजार मूल्य ₹ 2,00,000 था। रुचि ने भूमि में रुचि रखने वाले एक क्रेता से इसके निमित्त 2007-08 में ₹ 1,00,000 की राशि ज़ब्त कर ली थी। उसने इस राशि को इसी वर्ष भूमि की 'बाउंड्री वाल' बनवाने पर खर्च कर दी थी।

Qapaper.com

सोना 22-3-09 को ₹ 48,60,000 में खरीदा था और सूचीगत डिबेंचरों को 17/6/08 को ₹ 3,40,000 में खरीदा गया था। उसने सोने और सूचीगत डिबेंचरों को बेचने पर प्राप्त सारी राशि, अंतरण की तारीख से छः माह के भीतर NHAI के बाँडों में निवेशित कर दी (5 वर्ष की अवधि के लिए)। उसने 31-3-2011 को भूमि की बिक्री से प्राप्त राशि में से ₹ 46,00,000 में आवासी गृह-संपत्ति खरीद ली।

Qapaper.com

| वित्तीय वर्ष | लागत स्फीति सूचकांक |
|---|---|
| 1981–82 | 100 |
| 2004–05 | 480 |
| 2007–08 | 551 |
| 2008–09 | 582 |
| 2009–10 | 632 |
| 2010–11 | 711 |

रुचि की निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए कुल आय और कर-देयता का अभिकलन कीजिए।

(ख) 'X' 2010-11 के लिए अनिवासी है। उसने भारत में पिछले वर्ष निम्नलिखित आय अर्जित कीं :

(*i*) निवल कृषि आय ₹ 5,40,000

(*ii*) व्यवसाय से आय ₹ 3,00,000

(*iii*) अन्य स्रोतों से आय ₹ 2,60,000

उसने पिछले वर्ष के दौरान निम्नलिखित दान दिए :

(*i*) प्रधान मंत्री सहायता कोष में दान ₹ 20,000

(*ii*) धर्मार्थ न्यास को दान ₹ 40,000

(*iii*) दिल्ली सरकार को दान : परिवार नियोजन को संवर्धित करने के लिए ₹ 30,000

'X' की निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए कर-देयता का अभिकलन कीजिए।

4. "Awesome Three" a firm of civil engineers is into the business of providing complete home solutions. 'X', 'Y' and 'Z' are three partners and the firm follows cash system of accounting.



Qapaper.com

For the previous year 2010-11 the "Receipt and Payment Account" is as follows :

| Particulars | ₹ | Particulars | ₹ |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 2,00.000 | By Office rent paid to 'Z' | 3.00.000 |
| To Contract Charges : | | By Salaries of Staff | 2.30.000 |
| 2010-11 | 8,00,000 | By Donation to Delhi | |
| 2011-12 | 3.00,000 | University | 1.00.000 |
| 2012-13 | 2.00,000 | By Purchase of materials | |
| To Interior decoration | | for interior decoration | 4.30.000 |
| charges | 8,40.000 | By Purchase of air- | |
| To Sale of Preference | | conditioner for office | |
| shares (Indexed | | on 1-11-2010 | 90.000 |
| cost being ₹ 5.20.000) | 9.00.000 | By Interest to Partners : | |
| To Interest on drawing: | | @ 16% | |
| 'X' | 14,000 | 'X' | 1.60.000 |
| 'Y' | 16.000 | 'Y' | 2.40.000 |
| To dividend from | | 'Z' | 1.44.000 |
| Indian company | 30,000 | By Sundry expenses | 1,40.000 |
| To sale of old books | | By Balance c/d | 15,06.000 |
| on 8/10/2011 | 40,000 | | |
| Total | 33,40,000 | Total | 33.40.000 |

Qapaper.com

You are further informed :

(*i*) Service Tax of ₹ 5,40,000 was paid on 16/7/2011.

(*ii*) Donation to Delhi University was given for scientific research.

(*iii*) Purchase of materials for interior decoration included a bill of ₹ 40,000 paid by cash.

(*iv*) Mr. 'Z' had letout his personal building to the firm which was used as office by the firm.

(*v*) Outstanding fees from clients for previous year 2010-11 were ₹ 1,90,000.

(*vi*) Written down value of the block of books on 1-4-2010 was ₹ 25,000.

(*vii*) Written down value of the block of plant/machinery, (depreciable @ 15 percent) on 1-4-2010 was 4,40,000.



Qapaper.com

(*viii*) The firm paid remuneration of ₹ 6,00,000 each to the three partners. This is not shown in the Receipt and Payment Account. The payment of remuneration as well as interest to partners is as per Partnership Deed.

(*ix*) The firm is carrying forward business losses of the assessment year 2009-10; amount ₹ 2,40,000.

(*x*) Due date of filing return for the firm is 30/9/2011.

Compute the total income and tax liability of firm for assessment year 2011-12. Also determine the total income of 'X', 'Y' and 'Z'. 15

Qapaper.com

'ऑसम थ्री' नामक सिविल इंजीनियरों की एक फर्म पूर्ण गृह समाधानों को उपलब्ध कराने का व्यवसाय कर रही है। 'X', 'Y' और 'Z' तीन भागीदार हैं और फर्म लेखाकरण की नकद पद्धति का अनुसरण करती है। पिछले वर्ष 2010-11

के लिए प्राप्तियों और अदायगियों का लेखा निम्नलिखित रूप में है :

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| अग्रानीत शेष | 2,00,000 | कार्यालय का किराया 'Z' | |
| संविदा के खर्चे : | | को दिया गया | 3,00,000 |
| 2010-11 | 8,00,000 | कर्मचारियों के वेतन | 2,30,000 |
| 2011-12 | 3,00,000 | दिल्ली विश्वविद्यालय | |
| 2012-13 | 2,00,000 | को दान | 1,00,000 |
| आंतरिक सजावट के | | आंतरिक सजावट के लिए | |
| खर्चे | 8,40,000 | सामग्री की खरीद | 4,30,000 |
| अधिमान शेयरों की | | कार्यालय के लिए एयर- | |
| बिक्री (सूचकांकित | | कंडीशनर की | |
| लागत ₹ 5,20,000 है) | 9,00,000 | 1-11-2010 को खरीद | 90,000 |
| आहरण पर ब्याज : | | भागीदारों को ब्याज | |
| 'X' | 14,000 | 16% की दर से | |
| 'Y' | 16,000 | 'X' को | 1,60,000 |
| भारतीय कम्पनी से | | 'Y' को | 2,40,000 |
| प्राप्त लाभांश | 30,000 | 'Z' को | 1,44,000 |
| पुरानी पुस्तकों की | | विविध खर्चे | 1,40,000 |
| बिक्री 8/10/2011 को | 40,000 | शेष अधोनीत | 15,06,000 |
| योग | 33,40,000 | योग | 33,40,000 |

Qapaper.com

आपको ये सूचनाएँ भी दी गई हैं :

(*i*) सेवा कर के ₹ 5,40,000 16/7/2011 को दे दिए गए थे।

(*ii*) दिल्ली विश्वविद्यालय को दान वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दिया गया था।

(*iii*) आंतरिक सजावट के लिए सामग्री की खरीद में ₹ 40,000 के बिल का नकद भुगतान शामिल है।

(*iv*) मिस्टर 'Z' ने अपनी व्यक्तिगत बिल्डिंग को एक फर्म को किराए पर दे दिया था जिसका प्रयोग फर्म द्वारा कार्यालय के रूप में किया गया।

(*v*) पिछले वर्ष 2010-11 में ग्राहकों पर बकाया शुल्क ₹ 1,90,000 के थे।

(*vi*) 1-4-2010 को पुस्तकों के एक खण्ड का बट्टागत मूल्य ₹ 25,000 था।

Qapaper.com

(*vii*) संयंत्र/मशीनरी के एक खण्ड का बट्टागत मूल्य (15% की दर से मूल्यह्रास लिया जा सकता है) 1-4-2010 को ₹ 4,40,000 है।

(*viii*) फर्म ने तीन भागीदारों में से प्रत्येक को ₹ 6,00,000 का पारिश्रमिक दिया। इसे प्राप्तियों और अदायगियों के लेखे में प्रदर्शित नहीं किया गया है। पारिश्रमिक की अदायगी और साथ ही भागीदारों को ब्याज की अदायगी भागीदारी विलेख के अनुसार है।

(*ix*) फर्म निर्धारण वर्ष 2009-10 के व्यवसायगत हानियों को अग्रानीत कर रही है जोकि ₹ 2,40,000 है।

(*x*) फर्म के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 30/9/2011 है।

फर्म की निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए कुल आय और करदेयता का अभिकलन कीजिए। साथ ही X, Y और Z की कुल आय का निर्धारण कीजिए।

Qapaper.com

*Or*

(अथवा)

(*a*) How would you compute capital gains on depreciable assets under section '50'. 5

(*b*) A partnership firm has two partners 'A' and 'B'. They have contributed ₹ 6,00,000 each as capital and ₹ 2,00,000 each as loan. Partnership deed allows payment of interest on loan as well as capital @ 16 per cent per annum and remuneration of ₹ 5,00,000 to each of the partner.

If profits of the firm after paying interest but before deducting remuneration of partners are ₹ 7,60,000, determine the total income of the firm. 5

(*c*) Write a short note on carry forward and set-off of unabsorbed depreciation. 5

Qapaper.com

(क) मूल्यह्रास-योग्य परिसंपत्तियों पर धारा 50 के अंतर्गत पूँजीगत लाभ का अभिकलन आप कैसे करेंगे ?

(ख) एक भागीदारी फर्म के दो भागीदार हैं – A और B । उन्होंने पूँजी के रूप में ₹ 6,00,000 का योगदान किया है और ₹ 2,00,000 प्रत्येक ने ऋण के रूप में लगाए हैं। भागीदारी विलेख ऋण पर और साथ ही पूँजी पर 16% प्रति वर्ष की दर से ब्याज की अदायगी को और ₹ 5,00,000 का पारिश्रमिक प्रत्येक भागीदार को देने की स्वीकृति देता है। ब्याज देने के बाद परन्तु भागीदारों के पारिश्रमिक को काटने से पूर्व फर्म के लाभ ₹ 7,60,000 हैं। फर्म की कुल आय का निर्धारण कीजिए।

(ग) अनवशोषित मूल्यह्रास को अग्रानीत करने और समंजन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Qapaper.com

5. Explain any *three* of the following : 15

(*a*) Provisions relating to clubbing of income of minor child under section 64(1A).

(*b*) Provisions relating to set-off and carry forward of capital losses.

(*c*) Verdict delivered by the Supreme Court in the case of CIT *Vs.* Raja Benoy Kumar Sahas Roy.

(*d*) Exemption of long term capital gains under section 54.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की व्याख्या कीजिए :

(क) धारा 64(IA) के अनुसार नाबालिग बच्चे की आय को संयुक्त कर देने से संबंधित व्यवस्थाएँ।

(ख) पूँजीगत हानियों को समंजित करने और अग्रानीत करने से संबंधित व्यवस्थाएँ।

(ग) CIT **बनाम** राजा बिनॉय कुमार साहस रॉय के केस में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया अधिमत।

(घ) धारा 54 के अंतर्गत दीर्घावधिक पूँजी-लाभों को छूट।

Qapaper.com

*Or*

**(अथवा)**

Discuss any *three* of the following : 15

(*a*) Provisions relating to clubbing of income of spouse under section 64(*i*)(*ii*) and 64(*i*)(*iv*).

(*b*) Provisions relating to set off and carry forward of business losses.

(*c*) Deduction in respect of Royalty Income of Authors under section 80QQB.

(*d*) As per the verdict delivered by the Supreme Court in the case of Sheila Kaushik *Vs.* CIT, the gross annual value of a let out property cannot exceed the standard rent.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की विवेचना कीजिए :

(क) धारा 64(i)(ii) और धारा 64(i)(iv) के अंतर्गत पत्नी की आय को संयुक्त करने संबंधी व्यवस्थाएँ।

Qapaper.com

(ख) व्यावसायिक हानियों का समंजन और अग्रानीत से संबंधित व्यवस्थाएँ।

(ग) लेखकों की रॉयल्टी आय के संबंध में धारा 80QQB के अंतर्गत कटौती।

(घ) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शीला कौशिक **बनाम** CIT केस में दिए गए अधिमत के अनुसार, किराए पर दी गई संपत्ति का सकल वार्षिक मूल्य मानक किराया से अधिक नहीं हो सकता है।

Qapaper.com